संख्या–एस0ई0–168(।।)/दस–14–बीमा–2/13

प्रेषक,

राम किशोर पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय,
विकासदीप, 22 स्टेशन रोड,
लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 02 अप्रैल, 2014

विषयः– अनुदान संख्या–66 के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय के लिए वर्ष 2014–15 में प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई तक) के व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–795/दस–2014–231/2014, दिनांक 14 मार्च, 2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–66 वित्त विभाग (सामूहिक बीमा) के आयोजनेत्तर पक्ष के लेखाशीर्षक–"2049–ब्याज अदायगियॉ–03–अल्प बचतों, भविष्य निधियों आदि पर ब्याज–108–बीमा तथा पेंशन निधि पर ब्याज–03–कर्मचारी सामूहिक बीमा पर ब्याज–32–ब्याज/लाभांश (भारित)" के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि रू0 2070001 हजार (रूपया दो अरब सात करोड़ एक हजार मात्र) में से रू0 690000 हजार (रूपया उन्हत्तर करोड़ मात्र) की धनराशि लेखानुदान की प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई तक) की अवधि में व्यय करने हेतु आपके निर्वतन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है, अतः व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों व नवीनतम शासनादेश संख्या–सीए–934/दस–2008–मित–1/2004, दिनांक 02 सितम्बर, 2008 का विशेष रूप से पालन किया जाय ताकि अपव्यय को रोका जा सके।

3– उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय व्ययक के अनुदान संख्या–66 के उपरोक्तानुसार अंकित लेखाशीर्षो के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमि संगठनों के नाम डाला जायेगा तथा लेखानुदान एवं तत्संबंधी विनियोग अधिनियम द्वारा प्राधिकृत निधि से वह्न किया जायेगा।

भवदीय,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।

संख्या–एस0ई0–168(।।।)/दस–14, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार, (लेखा परीक्षा)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
4– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।